भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1423

बुधवार, दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

हरित ऊर्जा गलियारा योजना

1423. सुश्री एस. जोतिमणिः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में हरित ऊर्जा गलियारा (जीईसी) योजना के चरण-II के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) क्या यह सही है कि 2.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की निकासी के लिए एक अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) परियोजना पर काम चल रहा है; और

(ग) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन प्रणाली) योजना चरण-II 624 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनों और सब-स्टेशनों के लिए 2200 एमवीए क्षमता की स्थापना के लिए तमिलनाडु में कार्यान्वयन के अधीन है। यह योजना मार्च, 2026 तक पूरी होना निर्धारित है। दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, योजना के अंतर्गत सभी नौ पैकेजों के लिए निविदा जारी की गई है और इन नौ में से एक पैकेज जारी किया गया है।

(ख) और (ग): इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन प्रणाली (आईएसटीएस) योजना करूर अक्षय ऊर्जा जोन, तमिलनाडु में 2.5 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लिए विद्युत की निकासी के लिए इसकी योजना बनायी गई है। 1 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली चालू कर दी गई है और अतिरिक्त 1 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता वर्ष 2025-26 की कार्यान्वयन समयसीमा के साथ निर्माणाधीन है। शेष 0.5 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली का कार्य बाद में शुरू किया जाएगा।

*****